पटना नग
PATNA MUNICIPAL CORPORATION
पटना नगरपालिका
1964
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 3001...
Date / दिनांक: 25/02/2025

Patna Municipal Corporation
Date: 25-02-2025
2025203001
http://pmc.bihar.gov.in

सेवा में,

परियोजना निदेशक (01 & 02)
पटना मेट्रो रेल परियोजना
पटना।

विषय :- क्रियान्वित परियोजनाओं के कार्य से आगामी मानसून के दौरान जल निकासी में संभावित बाधा के निराकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आगामी मानसून के दौरान जल निकासी हेतु युद्व स्तर पर नाला उड़ाही का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही अन्य कार्यकारी एजेन्सियों के द्वारा पटना नगर निगम क्षेत्र में कराये जा रहे निर्माण कार्य से जल निकासी में संभावित बाधा के निराकरण हेतु पटना नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार पटना मेट्रो रेल परियोजना से संबंधित कार्य के कारण संभावित जल-जमाव के कारण एवं प्रभावित क्षेत्र की विवरणी इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।

अत: अनुरोध है कि संलग्न विवरणी के आलोक में शीघ्रातिशीघ्र निराकरण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा की जाय, ताकि आगामी मानसून के दौरान ससमय जल निकासी सुनिश्चित की जा सके।

अनु0:-यथोक्त।

विश्वासभाजन

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

ज्ञापांक :- Sani/VI/264/35/2025 3001............, दिनांक:-25/02/2025......

प्रतिलिपि :-

1. संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ।
3. आयुक्त, पटना प्रमण्डल, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
4. सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

## मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

| अंचल | जल-जमाव वाले क्षेत्र | कारण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| पाटलीपुत्र | वार्ड सं0-27 | अंचल क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर पटना मेट्रो द्वारा निर्माण कार्य संचालित है। विदित है कि यह कार्य दीर्घ अवधि प्रकृति का है। मगध महिला के गेट से बॉकीपुर बस स्टैंड के डिप्पो के बीच में पिछले वर्ष पूर्व से निर्मित नाले को डाईवर्ट कर नया भू-गर्भ नाला के निर्माण का कार्य मेट्रो द्वारा कराया गया था। जिसमें रोड लेवल से लगभग 03 मीटर नीचा 01 मीटर डाया का ह्यूम पाईप लगाकर निर्माण किया गया था। उक्त नाला बॉकीपुर बस डिपो के बाद आगे कनेक्टेड नहीं है। उक्त नाले को नजदीकी चैम्बर में मेट्रो कैम्पस के गेट के पास अवस्थित मेनहॉल या बॉकीपुर बस डिपो के मुख्य गेट के पास अवस्थित मेनहॉल से कनेक्ट करने की आवश्यकता है। नाला कनेक्टेड नहीं रहने के कारण मेट्रो द्वारा टनल की खुदाई एवं बोरवेल से निकलने वाले पानी को निकालने के लिए सेपरेट पाईप लाईन बिछाया गया है। परन्तु जितना पानी उनके द्वारा डिस्चार्ज किया जाता है उसका 40 प्रतिशत उनके पाईप लाईन से एवं 60 प्रतिशत नगर निगम के नाले में बहाया जाता है। जिस कारण गॉधी मैदान गेट नं0 03 के पास सामान्य दिनो में भी जल-जमाव की समस्या बनी रहती है। | |

## मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

| अंचल | जल-जमाव वाले क्षेत्र | कारण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| कंकड़बाग | वार्ड सं0-30/31/ 32/45/46 | 1.भुतनाथ रोड से लेकर एन0आर0एल0 पेटोल पम्प तक मेट्रो द्वारा निर्माण साम्रागी रखा हुआ है साथ ही मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है।<br>2. पुरानी बाईपास रोड मे राजेन्द्र नगर ट्रर्मिनल के निकट Metro Rail Corporation के द्वारा पूर्व निर्मित बॉक्स ड्रेन को डाईभट किया गया है एवं पम्प लगाकर जल की निकासी की जाती है, परंतु पम्प की क्षमता कम होने के कारण जल की निकासी में कफी समय लगता है जिसके कारण इस क्षेत्र में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वर्तमान में पम्प की क्षमता बढाई गई है, परन्तु डिलीवरी पाईप कहीं ज्यादा तो कही कम डायमिटर का लगाया है जिसके कारण जल निकासी में कठिनाई होती है। साथ ही मोटर भी समय पर नहीं चलाया जाता है। स्थाई निराकरण हेतु पूर्व मे रोड के नीचे डाले गये पाईप को और गहराई डालकर तथा लेवल ठिक कर जल की निकासी की जा सकती है।<br>3. आर्यभट कॉलेज से मौलाना मजरूलहक कॉलेज तक Metro Rail Corporation के द्वारा बॉक्स नाला को ध्वस्त कर बंद कर दिया गया है, जिसके कारण वार्ड संख्या-29, 30, 31 एवं वार्ड संख्या-32 के कुछ भाग के जल का निस्सरण मीठापुर सम्प हाउस तक नहीं हो रहा है। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के द्वारा आर्यभट कॉलेज के निकट हयूम पाईप लगाया जा रहा है, जिससे समस्या का समाधान हो जाएगा। | |

## मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

| अंचल | जल-जमाव वाले क्षेत्र | कारण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| कंकड़बाग | वार्ड सं0-30/31/ 32/45/46 | 4. राजेन्द्र नगर सब्जी मण्डी फलाई ओवर के नजदीक Metro Rail Corporation के द्वारा किये गये कार्य के कारण भू-गर्भ नाला धवस्त हो गया है। जिसके कारण Geological Survey कार्यालय में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के द्वारा एक 60 मी0 लम्बाई वाले नाले का निर्माण किया जा रहा है, जिससे समस्या का निदान हो सकें।<br>5. महादेव वांशिग सेन्टर के पास पुरी तरह से साइड नाला बन्द कर दिया गया है।<br>6. जगदम्बा टाईल्स के सामने बॉक्स नाला पुरी तरह से धवस्त है पिलर कंस्ट्रक्शन का कार्य चल रहा है। एक हयूम पाईप दिया गया है।<br>7. ओम फोर्टिस हॉस्पीटल के सामने पिलर कैप का कार्य चल रहा है।<br>8. रामलखन पथ के पास बॉक्स नाला को बन्द कर दिया गया है जिससे पानी का बहाव कम हो गया है।<br>9. हिरो शॉरूम के पास मैट्रो के कारण रोड की चौड़ाई कम हो गयी है, जिससे नाला साफ करने में कठिनाई आ रही है। | |